# प्रस्तावना

मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन, बरसाना एवं नन्दगॉव धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से विश्व विख्यात क्षेत्र हैं। देश–विदेश से लाखों पर्यटक श्रीकृष्ण जी की जन्मस्थली मथुरा दर्शनार्थ आते हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष गोवर्धन एवं ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा लगाई जाती है। ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत एवं पर्यटकों को बढावा दिए जाने के उद्देश्य से उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा पूरे ब्रज क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने हैं।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में मथुरा में कोसीकलॉ के पास स्थित कोकिला वन शनियधाम की परिक्रमा मार्ग का विकास कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 4 मीटर चौड़ा कच्चा परिक्रमा पथ, पत्थर के बोलार्ड, पत्थर के कर्ब स्टोन तथा सुरक्षा के दृष्टिगत एक ओर लोहे की ग्रिल लगाने, एक टॉयलेट ब्लॉक एवं 7.5 किलो वाट का सोलर प्लान्ट स्थापित कराये जाने का कार्य सम्मिलित है। उक्त कार्य कराये जाने हेतु आगणन उ0प्र0 शासन द्वारा चयनित मै0 डिजायन एसोसिएट्स द्वारा तैयार कराया गया है। उक्त परियोजना की कुल लागत सेन्टेज चार्जेज सहित रू0 836.24 लाख आगणित की गई है।

यह कार्य ब्रज में आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों की सुविधा हेतु महत्वपूर्ण है एवं इसकी महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन से वित्त पोषित किए जाने हेतु प्रेषित है।

( नगेन्द्र प्रताप )
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद
मथुरा

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी
उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद
मथुरा

आर0 पी0 सिंह
अधीक्षण अभियन्ता